हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 22.6 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री

11 केंद्रीय मंच विद्यार्थियों के नए विचारों और शुरूआती उद्यमों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का करेगा काम



12 आईजीयू के जोनल यूथ फेस्टिवल 'उद्भव' का रंगारंग आगाज विद्यार्थियों ने मंच पर मचाया धमाल



खबर संक्षेप

सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 21 अक्टूबर को रोहतक नेशनल हाइवे पर टैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में धारण निवासी अजय को गिरफ्तार किया है। उसका टैक्टर पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कसोला पुलिस ने 8 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामले में कुतुबपुर निवासी सुनील को तथा थाना धारूहेड़ा पुलिस ने 21 अक्टूबर को दर्ज मामले में भिवानी के खानक निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

मारपीट मामले के चार आरोपी काबू



रेवाड़ी। थाना बावल पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल के बयान पर पुलिस ने गत 26 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने लाठी-डंडों से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने खुर्मपुर निवासी राजेंद्र, ज्ञाना देवी, प्रेमवती व सरोज को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दर्ज किए गए दहेज की मांग पर मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंलिंग के बाद भी दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 7 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में हिसार के सातरोड निवासी कमल मोहन को गिरफ्तार किया है।

संस्था का संस्कार निर्माण कार्यक्रम रविवार को

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से एक नवंबर को झज्जर रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में संस्कार निर्माण का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि रहेंगे, जबकि आशियाना वृद्धाश्रम के प्रधान दिनेश राजपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। श्रीराम युवा शाखा के प्रधान सीए जतिन सैनी कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में आई लव रेवाड़ी टीम के सफाई योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा।

वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी आज

रेवाड़ी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राव तुलाराम स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, कर्मचारियों सहित क्षेत्र के आमजन की भागीदारी रहेगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को एकता एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को प्रातः 7 बजे रन फॉर यूनिटी की शुरूआत राव तुलाराम स्टेडियम से होगी। इससे पहले लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

बरसाती पानी में फंसते रहे वाहन, सड़कों पर पानी में छिपे गड्ढे बने आफत

बेमौसम बरसात बनी आफत जलभराव से परेशान शहरवासी

शहर में 24 घंटे में 45 एमएम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में शुक्रवार को दूसरे दिन भी सुबह रूक-रूक कर लगातार हुई बरसात शहर ने लोगों के लिए आफत लाने का काम किया। बरसात से शहर में चारों ओर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के सरकुलर रोड स्थित नाईवाली चौक, सब्जीमंडी, अनाजमंडी, बावल रोड, ब्रास मार्केट, सेक्टर-1, पुराना हाउसिंग बोर्ड रोड, डबल फाटक अंडरपास, बस स्टैंड व नगर परिषद के सामने भाड़ावास गेट के पास बरसात से स्थिति ज्यादा खराब रही। शहरवासी सड़कों पर जमा पानी में से निकलने के लिए मशक्कत करते रहे। वाहन चालकों के लिए बरसात के पानी में छिपे सड़कों के आफत साबित हो गए। प्रशासन की ओर से लोगों की परेशानी को देखते हुए पानी की निकासी के कोई भी प्रबंध तक नहीं किए। यहां तक कि लाखों का ठेका देने के बाद सफाई नहीं होने से नाले गंदगी से अटे हुए है। नालों की गंदगी भी बरसात के पानी के साथ सड़कों पर बिखर गई। अल सुबह करीब शुरू हुई बरसात दोपहर दो बजे तक जारी रही। हालांकि बीच-बीच में बरसात हल्की भी हुई, लेकिन सुबह हुई तेज बरसात से शहर में पहले ही जलभराव हो गया, जोकि निकासी नहीं होने के कारण यथावत स्थिति में रहा। बरसात से शहर के निचले इलाके भी पूरी तरह जलमग्न हो गए। बरसात से हुए जलभराव के कारण सरकुलर रोड व बावल रोड पर वाहन रेंगते नजर आए। बरसात ने शहर में पानी निकासी की प्रशासन की व्यवस्था को पूरी तरह आइना दिखा दिया। शहर में 24 घंटे में 45 एमएम बरसात दर्ज की गई।





रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में दुकानों के आगे जमा बरसात का पानी, बरसात के पानी से जलमग्न बावल रोड। फोटो: हरिभूमि

बरसात में अंडरपास बने रहे आफत

बरसात के कारण जिले में बने अंडरपास लोगों के लिए आफत साबित हो रहे है। शहर के डबल फाटक अंडरपास व भाड़ावास फाटक अंडरपास में एक बार फिर बरसाती पानी एकत्रित होने जाने के बाद वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। अंडरपास में तीन से चार फीट तक पानी जमा हो गया। दुपहिया वाहन चालकों को अंडरपास के डिवाइडर से अपने वाहन निकालने पड़े। अंडरपास में कई टू-व्हीलर बंद हो गए।

ब्रास मार्केट में करोड़ों खर्च, फिर भी जलभराव

ब्रास मार्केट में लंबे समय से बरसात आने पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। नगर परिषद की ओर से समस्या को लेकर 2.5 करोड़ की लागत से सीवर लाइन व सड़कों के नवीनीकरण का कार्य कराया था, लेकिन इसके बावजूद पानी की निकासी समस्या बनी हुई है। दो दिन की बरसात में पूरा मार्केट जलमग्न हो गया। प्रशासन की ओर से जल निकासी के कोई प्रबंध तक नहीं किए गए, जिससे त्योहारी सीजन में दुकानदारों का कामकाज ठप रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ज्यादातर सड़के लंबे समय से जर्जर हालत में

शहर की ज्यादातर सड़के लंबे समय से जर्जर हालत में है तथा कई सड़कों पर तो जानलेवा गड्ढे तक हो चुके है। इन सड़कों पर बरसात के पानी के भराव के कारण लोगों को निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। पानी के जमा होने से वाहन चालकों को सड़कों पर संभल कर निकलना पड़ा। दो पहिया वाहन चालकों को पानी में से निकलने में ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। बाइक व स्कूटी चालक गड्ढों में फंसकर गिरने से बाल-बाल बचे। शहर की कई सड़कों पर तो दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया, जिससे कई वाहन भी पानी के अंदर बंद हो गए।

जिले की 24 घंटे की वर्षा रिपोर्ट

रेवाड़ी शहर	-	46.4 एमएम
मनेठी	-	15.0 एमएम
पाल्हावास	-	56.0 एमएम
धारूहेड़ा	-	29.5 एमएम
डहीना	-	34.5 एमएम
बावल	-	31.0 एमएम
कोसली	-	20.0 एमएम
नाहड़	-	20.4 एमएम

जानलेवा हमले के मामले में दोषी को 5 साल की कैद

दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस की मजबूत पैरवी और पुख्ता सबूतों के चलते अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विकास गुप्ता की अदालत ने गांव शहबाजपुर खालसा निवासी एक छात्र के साथ मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने वारदात में संलिप्त आरोपी विष्णु निवासी गांव पदैयावास को दोषी करार देते हुए 5 साल के कठोर कारावास और 10 000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर दोषी को 6 महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। पुलिस को दी शिकायत में गांव शहबाजपुर खालसा निवासी छात्र राहुल ने बताया था कि वह केएलपी कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है। 16 अप्रैल 2023 को शाम करीब 8 बजे वह अपनी बाइक पर सवार होकर मॉडल टाउन से अपने घर लौट रहा था।

जब वह गढ़ी बोलनी रोड स्थित दीन दयाल पैलेस के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा, तो एक काले रंग की बाइक पर सवार तीन नाबालिगों तथा गांव पदैयावास निवासी विष्णु ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। जब छात्र ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अपने हाथ में लिए नुकीले चाकू-नुमा हथियार से उसके दाहिने कंधे और छाती पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिसके बाद परिजनों ने घायल छात्र को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। छात्र के बयान पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज किया गया।



रेवाड़ी। जिला न्यायालय परिसर।

जुर्माना नहीं भरने पर दोषी अतिरिक्त सजा

पुलिस ने मामले में संलिप्त तीनों नाबालिगों को अपनी अभिरक्षा में लिया तथा आरोपी विष्णु निवासी गांव पदैयावास को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया। पुलिस की ओर से अदालत में आरोपी के खिलाफ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए गए थे। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी विष्णु को हत्या के प्रयास का दोषी करार दिया। अदालत में हत्या के प्रयास में आरोपी विष्णु को 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को छह माह की जेल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

कर्नाटक की राज्यपाल डा. सुधा 1 को रेवाड़ी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कर्नाटक की नवनियुक्त राज्यपाल डा. सुधा यादव 1 नवंबर को जिला रेवाड़ी आएंगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राज्यपाल बनने के बाद वें पहली बार गांव धामलावास पहुंचेंगी और अपने पति एवं प्रथम कारगिल शहीद डिप्टी कमांडेंट सुखबीर सिंह यादव के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगी। उन्होंने अधिकारियों को राज्यपाल डा. सुधा यादव के जिले में आगमन को लेकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था प्रबंधन सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

■ अपने पति के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगी

हाइवे पर खड़े डंपर में घुसी बस, कई यात्री हादसे में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार सुबह दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रूध पुल पर हादसे के बाद खड़े दो डंपरों में से एक में जयपुर की ओर से आ रही राजस्थान परिवहन निगम की बस घुस गई। इससे बस में सवार यात्रियों में कोहराम मच गया। लगभग एक दर्जन यात्रियों को चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हाइवे पर सुबह के समय दो डंपर आपस में भिड़ गए थे। इसमें एक डंपर के चालक को चोटें आई थीं।





हादसे के बाद डंपरों को न तो पुलिस ने और न ही नेशनल हाइवे की पेट्रोलिंग टीम ने सड़क से हटवाया। बारिश होने के कारण राजस्थान परिवहन निगम की दिल्ली की ओर जा रही एक बस के चालक ने डंपर दिखाई नहीं दिए। बस डंपर में घुस गई। हादसे के बाद यात्रियों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग यात्रियों को बस से निकालने के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बस में 25 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें से लगभग एक दर्जन को चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से मामूली चोटग्रस्त घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

हाइवे पर लगा रहा जाम

व्यस्त नेशनल हाइवे पर तीन वाहन खड़े होने के बाद हाइवे पर जाम जैसे हालात बने रहे। वाहनों की कई किलोमीटर लंबी लाइनें लग गई। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसके चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

सीएम फ्लाइंग की मिठाई के गोदाम पर रेड, आठ सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीएम फ्लाइंग टीम ने शुक्रवार को शहर सेक्टर-5 के पास स्थित गणपत नगर स्थित रसगुल्ला भंडार के गोदाम पर रेड की। गोदाम से थोक में भारी मात्रा में अनेक दुकानों पर मिठाइयां सप्लाई होती है। दीपावली पर्व होने के चलते इसकी मात्रा 100 गुणा तक हो जाती है, लेकिन गोदाम में मिठाई बनाने के काम में अनिमित्ताएं बरती जा रही थी। अधिकतर कारीगरों के सिर पर न तो कैप थी और न ही हाथों में दस्ताने। मिष्ठान भंडार में खाद्य सुरक्षा नियमों की धज्जियां उडाई जा रही हैं। सीएम फ्लाइंग टीम ने गोदाम से 8 सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए हैं, वहीं 400 किलो खोया के अलावा करीब 2200 किलो मिठाइयां कोल्ड स्टोरेज के अंदर सील की गई है। इसके अलावा बिजली निगम से लेकर प्रदूषण नियंत्रण विभाग की जांच में भी खामियां बताई गई हैं।

पॉल्यूशन विभाग की टीम ने गोदाम को नोटिस थमाया है, वहीं बिजली का लोड सैंक्शन लोड से कहीं ज्यादा था। सबसे गंभीर बात यह रही कि रसगुल्ला भंडार का गोदाम रेजिडेंशियल एरिया में चलाया जा रहा है। भट्ठियां लगाकर वातावरण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। गोदाम से करीब 8 टन स्टॉक मिलना बताया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से पूरे साल जांच ने करके सिर्फ दीपावली पर ही कार्रवाई की जाती है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं।





रेवाड़ी। मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई करते हुए टीम,टीम की ओर से लिए गए मिठाईयों के सैंपल। फोटो: हरिभूमि

एसआईआर की समय सीमा बढ़ी, 20 तक होगा दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण

रेवाड़ी। मुख्य निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में संशोधन करते हुए इसकी समय सीमा बढ़ा दी है। आयोग के आदेशानुसार अब हरियाणा में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुरोध पर एसआईआर के संशोधित कार्यक्रम को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दावे एवं आपत्तियों से संबंधित नोटिस चरण तथा उनके निस्तारण की अवधि बढ़ाकर 20 नवंबर तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची अब 30 नवंबर को प्रकाशित होगी। इससे पहले अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से किए इस संशोधन के बाद हरियाणा सहित रेवाड़ी जिला में एसआईआर की प्रक्रिया के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित नई समय-सारणी के अनुसार कार्य करना होगा।



कार्यक्रम

बच्चों से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया

पुलिस लाइन में लगी प्रदर्शनी में शस्त्रों की खूबियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर तक मनाए जा रहे पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस के तहत प्रतिदिन शहीदों के सम्मान में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पुलिस लाइन में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में एलएमजी, एसएलआर 7.62 एमएम,राइफल 5.56 एमएम, इंसास, राइफल एके 47, कार्बाइन 9एमएम, पिस्टल अल्टो 9एमएम, पिस्टल ग्लॉक 9एमएम, रिवाल्वर 38इंची, गैस गन, पंप एक्शन गन 12, एंटी राइट गन एवं 38 एमएम मल्टीसेल लांचर सहित अन्य शस्त्र रखे गए। इस मौके पर विद्यार्थियों को शस्त्रों की मारक क्षमता एवं खूबियों से रूबरू कराया गया।



रेवाड़ी। प्रदर्शनी में शस्त्रों की जानकारी लेते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता

इस मौके पर लाइन ऑफिसर एसआई विजय कुमार ने बच्चों से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। देश में पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 को केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल के 10 जवानों ने लद्दाख में देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए चीन की सेना के साथ हुई मुठभेड़ में अपने प्राण बलिदान किए थे, तभी से लेकर आज तक समस्त देश में इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के अध्यापक स्टाफ से खुशबू शर्मा, प्ररिता, नरेंद्र, अनुराधा, सुदेश, दीपक राव व मंजीत सहित करीब 200 विद्यार्थी मौजूद रहे।

बुड़ौली की मुस्कान सैन ने हेप्टाथलॉन में जीता गोल्ड

रेवाड़ी। 41वें नेशनल गेम्स में गांव बुडौली निवासी मुस्कान सैनने हेप्टाथलॉन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। 23 से 27 अक्टूबर तक चेन्नई में आयोजित हुई प्रतियोगिता में मुस्कान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गई थीं, लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ शानदार वापसी करते हुए इस बार स्वर्णिम सफलता हासिल की। मुस्कान की इस उपलब्धि से पिता नरेन्द्र फौजी, मां रजनी बाला सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है।





राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुसु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



हॉलीवुड मसाला

'लव इन वेन' में मिला लीड रोल




लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं, तो होटल जाकर मैं काफी दुखी होता हूं। ऐसे में मैं आपकी फिल्में देखता हूं। फिल्म देखने के बाद, जब मैं सुबह उठता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे कल कुछ हुआ ही नहीं। जैसे मैं जल्दी आउट हुआ ही नहीं।' रोहित शर्मा ने इस बात का सबूत भी दिया कि उन्हें राजपाल यादव की कॉमेडी कितनी पसंद है। उन्होंने अभिनेता से पूछा, 'क्या आप सबूत देखना चाहेंगे?' इसके बाद 2016 का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें रोहित ने एक ऐप का इस्तेमाल करके राजपाल यादव के डायलॉग्स वाले वीडियो बनाए थे।


यंग और स्काउट की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच इक्वेशन भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में घर में कैप्टेंसी टास्क के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। टास्क के बीच यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद घर का माहौल गरमा गया। इस झगड़े ने उस वक्त और तूल पकड़ लिया, जब स्काउट ने दोनों के बीच हुए विवाद पर अपनी राय रखी। हालांकि, स्काउट की बात यंग को बिल्कुल पसंद नहीं आई और देखते ही देखते दोनों के बीच भी बहस शुरू हो गई। दरअसल, जब यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हुई, उस वक्त स्काउट वहां मौजूद नहीं था। वह वॉशरूम गया हुआ था। वापस लौटने के बाद जब उसे पूरे मामले की जानकारी मिली तो उसने गुल्लू से कहा कि लड़ाई मुंह से करनी चाहिए, हाथ-पैर से नहीं।



नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार



के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।

पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी

सिनेमा की तकदीर बदलेगा 'सनातन' का नया फॉर्मूला

मुंबई। पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्मों को बड़े बजट में बनाने के जोखिम पर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं कि हर तरह की फिल्म में जोखिम होता है। फिल्म अच्छी बनेगी तो कमाई होगी और अच्छी नहीं बनी तो नुकसान उठाना पड़ेगा। निर्माता भी समझ रहे हैं कि दर्शक बॉलीवुड के पुराने फार्मूले से ऊब रहे हैं।ऐसे में उन्हें पौराणिक कहानियों के रूप में एक नया फार्मूला नजर आ रहा है। हर कोई जल्द से जल्द इस तरह की फिल्म बनाने और अपनी घोषणा को बड़ा दिखाने में जुटा है। वहीं, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि पौराणिक फिल्मों पर बड़ा दांव लगाने के पीछे वैश्विक बाजार में भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहुंच एक अहम वजह है।

हाल के वर्षों में मूल रुप से कन्नड़ में बनी ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा की सफलता ने साबित किया कि स्थानीय लोककथाओं, परंपराओं और आस्था से जुड़ी कहानियां भी देशभर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। अब रामायणम , वाराणसी, जय हनुमान , नाम ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव और महावतार जैसी बड़े बजट की फिल्मों के जरिए मेकर्स पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



कमाई के खुल रहे हैं नए रास्ते

वह कहते हैं, 'कोई निर्माता बड़े पैमाने पर फिल्म बनाना चाहता है, तो उसे रोका नहीं जा सकता। भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए बड़े स्तर पर सोचने और कोशिश करने की जरूरत है। फिल्म का बजट कितना होगा, यह उसकी कहानी की मांग पर निर्भर करता है।

रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे?

पौराणिक फिल्मों का यह दौर भारतीय सिनेमा के विस्तार के लिहाज से अच्छी बात है। जब तक हम एक रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे? रामायणम से शुरुआत हो रही हो, उसके बाद कई और फिल्में आएंगी और ये बहुत अच्छी निशानी है क्योंकि हमें कहीं न कहीं ग्रो होना चाहिए। एक दायरे में रहकर हम अपनी सोच बड़ा नहीं करते हैं। 'फिल्मों के बढ़ते बजट पर पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्णावतारम : पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर कहते हैं- सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि फिल्में इतनी महंगी क्यों दिखाई देती हैं

4000 करोड़ की रामायण

नए कलाकारों के साथ इस तरह के विषय को कम बजट में बनाया जा सकता है, और तब फिल्म के सफल होने की उम्मीद और उसकी विश्वसनीयता, दोनों कहीं ज्यादा होती हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की मदद से अब फिल्म निर्माण की लागत को अधिक कुशलता से नियंत्रित करना भी संभव हुआ है। दो पार्ट में बन रही रामायणम का चार हजार करोड़ रुपये का बजट काफी चर्चा में रहा है। हालांकि फिल्म के निर्माता और अभिनेता यश ने स्पष्ट किया कि यह एक गलतफहमी है। चार हजार करोड़ रुपए का बजट दोनों फिल्मों का संयुक्त बजट है। इसमें फिल्म की रिलीज और प्रमोशन का खर्च भी शामिल है। हॉलीवुड में भी इसी तरह बजट की गणना की जाती है। निर्माता नमित मल्होत्रा ने सभी खर्चों को जोड़कर यह आंकड़ा बताया है। वहां फिल्म के निर्माण पर खर्च होने वाली रकम के बराबर, और कभी-कभी उससे भी ज्यादा पैसा प्रमोशन पर खर्च किया जाता है, क्योंकि फिल्म को वैश्विक स्तर पर रिलीज किया जाना होता है, लेकिन उससे होने वाली कमाई भी वैश्विक होती है। हालांकि बड़ा बजट होने पर दर्शकों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप

बाजरे की खरीद के लिए संशोधित शेड्यूल जारी

नांगल चौधरी। खरीफ सीजन की खरीद को सुचारु एवं सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए नांगल चौधरी नई अनाज मंडी में बचे हुए किसानों को बाजरा बेचने के लिए गांवों का संशोधित शेड्यूल जारी किया गया है।कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मंडी में खरीद कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए कार्यालय मार्केट कमेटी नांगल चौधरी द्वारा गांवों का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि दो नवंबर को गांव अकबरपुर सिरोही, आकोली, अमरपुरा, आंतरी, आसरावास, आजमाबाद, बखरिजा, बामनवास खेता, बामनवास नाऊ तथा बनिहाड़ी के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।

1 को सुरजनवास में होगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

महेंद्रगढ़। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में गांव सुरजनवास में एक नवंबर को भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

आयोजनकर्ता सतीश खैरवाल व सरपंच संजय ने बताया कि टूर्नामेंट में डबल्स श्रेणी केवल लड़के में मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह में जिला प्रमुख राकेश मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, सुंडाराम ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप मालड़ा व सरपंच प्रवीण कुमार मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर 11 हजार रुपये, द्वितीय पर 7100 रुपये और तृतीय स्थान पर 5100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

आज नारनौल में निकलेगी 'रन फॉर यूनिटी'

नारनौल। भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के मुख्य वास्तुकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर नारनौल में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्य अतिथि होंगी। रन के शुभारंभ से पहले उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद मुख्य अतिथि आईटीआई मैदान से हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना करेंगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पहुंचेगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने दी।

आईजीयू में विश्वविद्यालय स्तरीय उद्यमिता प्रकोष्ठ का हुआ शुभारंभ

केंद्रीय मंच छात्रों के विचारों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का करेगा काम: कुलपति

- युवा अब केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नए अवसर खोजने व रोजगार निर्माता बनेंगे : मिगलानी


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के इतिहास में शुक्रवार आत्मनिर्भरता और युवा उद्यमिता के एक नए युग की शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी के संरक्षण और नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के सेमिनार हॉल में विश्वविद्यालय-स्तरीय उद्यमिता प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया गया। यह केंद्रीय मंच किसी एक विभाग की चारदीवारी तक सीमित न रहकर पूरे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के नए विचारों और शुरूआती उद्यमों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का काम करेगा। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने कहा कि विवि उद्देश्य केवल कागजी उपाधियां बांटना नहीं है। उन्होंने कहा कि जब विश्वविद्यालय का ज्ञान धारूहेड़ा और बावल के उद्योगों के व्यावहारिक अनुभवों से मिलेगा, तभी सच्चे नवोन्मेष और आत्मनिर्भर भारत का जन्म होगा। उन्होंने कहा कि युवा अब केवल उपाधि लेकर नौकरी की पंक्तियों में खड़े होने वाले, नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नए रोजगार पैदा करने वाले रोजगार निर्माता बनेंगे। केंद्रीय प्रकोष्ठ विवि परिसर को सीधे पड़ोसी औद्योगिक क्षेत्रों धारूहेड़ा और बावल की बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों व उद्योगों से जोड़कर इस संकल्प को धरातल पर उतारेगा। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि प्रशासनिक और ढांचागत स्तर पर केंद्रीय उद्यमिता प्रकोष्ठ को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों के नवाचार बिना किसी बाधा के धरातल पर उतर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन युवाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर समन्वयक सीए डा. संदीप पुरवा ने प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. राज कुमार मित्तल की प्रसिद्ध पुस्तकों जैविक उद्यमिता: 37 करोड़ नए उद्यमों का देश और हर युवा उद्यमी के दर्शन को रेखांकित किया। सीए पुरवा ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरूभाई अंबानी के ऐतिहासिक संघर्ष व तीन पीढ़ियों के व्यावसायिक सफर से लेकर आज के दौर के सफल नए उद्यमों के प्रेरक उदाहरण दिए। उन्होंने एक सनद लेखाकार और वित्तीय विशेषज्ञ के दृष्टिकोण से स्थानीय और औद्योगिक स्तर पर मौजूद वास्तविक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक उद्यम विचार सुझाए। वाणिज्य विभाग के चेयरमैन प्रोफेसर रवींद्र ने कहा कि उनका विभाग विद्यार्थियों के हर एक अनोखे विचार को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचा, वित्तीय प्रारूप और बाजार रणनीति प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

छात्रों में नेतृत्व क्षमता पैदा करना लक्ष्य

कौशल संवर्धन एवं व्यावसायिक विकास केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर रीतू बजाज ने विश्वास दिलाया कि उनका केंद्र विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय व्यावसायिक कौशल, संवाद और नेतृत्व क्षमताओं से लैस करेगा, जो एक सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की दी जानकारी


रेवाड़ी। बच्चों को पोक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

- सनग्लो स्कूल में बचपन अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, बच्चों के अधिकारों तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम-2012 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण कार्यालय से सामाजिक कार्यकर्ता अन्नू व हेमरा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा, असुरक्षित परिस्थितियों से बचाव तथा किसी भी अनुचित व्यवहार के विरुद्ध बिना डर अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत उपलब्ध सुरक्षा एवं सहायता के प्रावधानों तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में विश्वसनीय वयस्कों से सहायता लेने के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यालय के चेयरमैन डा. वी पी यादव व निदेशिका शारदा यादव जागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना विद्यालय, अभिभावकों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अनुचित गतिविधि के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

पार्षद यादव ने विपक्ष पर साधा निशाना

विपक्षी दलों के लिए सत्ता हथियाने के लिए वोट चोरी ही मोहरा: शारदा

कोसली। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला पार्षद शारदा यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सुदृढ़, सरल पारदर्शी, त्रुटिहीन व आधुनिक बनाने का काम किया है, जिससे आने वाले समय में लोकतांत्रिक प्रणाली में ये अभियान मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष व स्वतंत्र है। हर पात्र व्यक्ति के मताधिकार की रक्षा करते हुए एक व्यक्ति, एक वोट का अधिकार के सिद्धांत को बड़ी मजबूती से धरातल पर उतारने का काम किया है, जिससे देश के लोगों का भरोसा लोकतांत्रिक प्रणाली व संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और भी गहरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का लोकतंत्र और भी सशक्त और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का विरोध नीतिगत विसंगति के कारण नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर अपनी राजनैतिक विफलता, जनता के द्वारा लगातार नकारे जाने की हताशा व जनता के प्रति जवाब देही में असफल होना है।


शारदा यादव

रीजनल सेंटर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता में किस्मत और पोस्टर मेकिंग में हिमांशी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में किस्मत ने प्रथम, गुलशन ने द्वितीय तथा कुसुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिमांशी प्रथम, सोनिका द्वितीय तथा प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सुमित यादव जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रत्येक युवा को देशभक्ति, समर्पण और राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों का लाभ उठाने का भी आह्वान किया।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता अतिथियों के साथ।

मार्च निकाल दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने युवाओं को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सतीश मस्तान, मनीषा, आरती, किस्मत, मोनिका, कुसुम, मोहिनी एवं मुस्कान ने सरदार वल्लभभाई पटेल के अखंड भारत के निर्माण में दिए गए योगदान पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। मेरा युवा भारत से यतिन चरण ने राष्ट्रीय एकता पर आधारित काव्य प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर किया। डा. अनिल कुमार एवं डा. अंजलि पांचाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. सोनिया यादव, डा. प्रदीप शर्मा, धीरज यादव, अंजू शर्मा, बिन्दु यादव, निर्मला व सुशीला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी युवाओं ने एकता मार्च निकालकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया तथा देश की एकता और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल में धरोहर राशि को लेकर वित्तीय गड़बड़ी की आशंका

- ककराला के सेवानिवृत कर्मचारी ने अधिकारियों पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल अटेली में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान ठेकेदारों द्वारा जमा कराई जाने वाली धरोहर राशि से जुड़े लेन-देन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी प्रमोद शर्मा ककराला ने विभाग की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत विस्तृत ब्योरा मांग कर सरकारी राशि का दुरूप्योग करने तथा भ्रष्टाचार फैलाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।


कनीना। पत्रकारों को जानकारी देते सेनि प्रमोद कुमार शर्मा।

उन्होंने शुक्रवार को कनीना में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि जनसूचना अधिकारी सह कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल, अटेली को आवेदन भेजकर इस संदर्भ में जानकारी मांगी थी। उन्होंने बताया कि आवेदन पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-3, नारनौल के कार्यकारी अभियंता कार्यालय की मुहर अंकित है। उन्होंने बीती 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2025 तक की अवधि के दौरान धरोहर राशि से संबंधित तीन प्रमुख बिंदुओं पर बिंदुवार जानकारी मांगी है। इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ प्रतीक कुंडू व एक्सईएन फूलसिंह ने कहा कि वे मीटिंग में हैं। कर्मचारी द्वारा लगाए गए आरोप तथ्यों से परे हैं, आरटीआई का जवाब उन्हें दिया जा चुका है।

लघु सचिवालय के शौचालयों में पसरी गंदगी, आमजन परेशान

महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय परिसर में प्रशासनिक दावों और स्वच्छता अभियानों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां बने सार्वजनिक शौचालयों में व्याप्त गंदगी के कारण दूर-दराज से आने वाले आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लघु सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

लघु सचिवालय में तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, पुलिस और अन्य कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक विभाग स्थित हैं। अपने कार्यों के सिलसिले में रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और शहरी लोग यहां पहुंचते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल होते हैं। दिनभर यहां लोगों का तांता लगा रहता है, लेकिन परिसर में आने वाले लोगों के लिए सुलभ शौचालय किसी बड़ी मुसीबत से कम साबित नहीं हो रहे हैं। रखरखाव के अभाव में शौचालयों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है।


महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय के शौचालयों में पसरी गंदगी का दृश्य।

महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग में आज होंगे निर्णायक मुकाबले

नारनौल। महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग सीजन 1 में शनिवार को सुबह 10 बजे क्वालीफायर 1 का मुकाबला महेंद्रगढ़ पैंथर्स और तलवाना सुपर किंग्स के मध्य खेला जाएगा। इस मुकाबले में जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश कर जाएगी। वहीं इलिमेनटर मुकाबले में सुपर स्ट्राइकर खोड़ और जाट स्ट्राइकर्स आमने सामने होंगे यह मुकाबला दोपहर 2 बजे खेला जाएगा। महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग करीब दो महीने से बाबा जयरामदास खेल मैदान पाली में आयोजित करवाई जा रही है जो अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुकी है।

एनएच के बरसाती पानी से उनिंदा गांव की फसल बर्बाद


मंडी अटेली। धन्नौदा के खेतों में भरा पानी दिखाता किसान। फोटो : हरिभूमि

- 10 एकड़ जमीन हो रही प्रभावित, पांच साल से बनी हुई है समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

नेशनल हाईवे-11 पर धन्नौदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के समीप हाईवे से आने वाला बरसाती पानी उनिंदा के किसानों के खेतों में घुसने से खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। वीरवार रात्रि को हुई बारिश के कारण सर्विस रोड़ की किनारी भी कट गई। खेतों में करीब दो-दो फुट पानी भरने से किसानों की सरसों की बिजाई एवं नव अंकुरित फसल खराब हो गई। इससे तीन-चार परिवारों की करीब 10 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है।

उनिंदा के किसान कृष्ण बोहरा, संजय गणपत, रामपाल, पप्पू व राजेंद्र आदि ने बताया कि अटेली बाईपास बनने के बाद से ही हाईवे का बरसाती पानी उनके खेतों में जमा हो रहा है। पिछले करीब पांच वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। हाईवे निर्माण के दौरान उनकी कुछ जमीन सड़क में चली गई और बची हुई जमीन में भी पानी भरने से खेती करना मुश्किल हो गया है।किसान संजय कुमार ने बताया कि उनके खेतों में सबसे अधिक पानी भरता है, जिसके कारण खरीफ और रबी दोनों फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है।

प्रशासन से गुहार

किसानों ने प्रशासन और सरकार से समस्या का स्थायी समाधान करवाने तथा फसल नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन कड़ा कदम उठाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

कार्यशाला | सीएम ईईई विद्यालय में मेरा बचपन, मेरा अधिकार तथा कानून जानो, बचपन बचाओ पर कार्यक्रम

विद्यार्थी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता प्राधिकरण के अभियान को लोगों तक पहुंचाएं

छात्रों को पॉक्सो एक्ट कार्यशाला में किया गुड टच-बैड टच व सोशल मीडिया पर जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को सीहा स्थित सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेरा बचपन, मेरा अधिकार तथा कानून जानो, बचपन बचाओ अभियान के तहत पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ के साथ ग्राम पंचायत सदस्यों, स्कूल प्रबंधन समिति तथा अभिभावकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में डालसा की सचिव व सीजेएम डा. रेनू सोलखे मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यवाहक बीईओ खोल सत्यवीर नाहड़िया ने की। पैनल अधिवक्ता दिव्या राजपाल ने मुख्य वक्ता, सेवानिवृत्त डीओसी प्रदीप कुमार ने विशिष्ट अतिथि तथा सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सीजेएम डा. सोलखे ने पोक्सो एक्ट के बहुआयामी पक्षों को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अभिभावकों से अपील की कि प्राधिकरण के अभियान को घर-घर तथा गांव-गांव पहुंचाने का संकल्प लें। उन्होंने विद्यालय के कानूनी साक्षरता क्लब की विभिन्न गतिविधियों के लिए प्राध्यापिका अनीता यादव, नरेश कुमार प्रियंका तथा छात्रा मीनाक्षी, पूनम व प्रिया को सम्मानित किया तथा गांव की पहाड़ी स्थित संत शिरोमणि बाबा रामस्वरूप महाराज की तपोभूमि पर ग्राम पंचायत की देखरेख में पौधारोपण भी किया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता दिव्या राजपाल ने यौन शोषण तथा यौन उत्पीड़न के विभिन्न मामलों की जानकारी देते हुए पोक्सो एक्ट के महत्व को समझाया। उन्होंने गुड टच, बैड टच के अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल माध्यमों की प्रति भी जागरूक रहने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यौन शोषण की किसी भी घटना की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1098, 15100 तथा 112 पर दी जा सकती है।


रेवाड़ी। कार्यशाला में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों को सम्मानित करती सीजेएम।

सामाजिक कार्यकर्ताओं का जताया आभार

इस मौके पर प्राचार्य नाहड़िया ने कार्यशाला को आज की जरूरत बताते हुए प्राधिकरण के अभियान को प्रेरक बताया। अंग्रेजी अध्यापिका मंजू शर्मा संचालन में आयोजित कार्यशाला में स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक यशपाल आर्य ने मुख्य अतिथि सीजेएम डा. सोलखे, प्राधिकरण के प्रतिनिधियों, अभिभावकों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर अधिवक्ता सूर्यकांत नांगल, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरबीर, पूर्व प्रधान नरेश कुमार व हनुमान पंच सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

ग्राम पंचायत जीवड़ा
ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
जलकर्मी की नियुक्ति हेतु सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जीवड़ा, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में जलकर्मी की नियुक्ति हेतु सरकार द्वारा निर्धारित योग्यता अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र व योग्य आवेदनकर्ता अपना आवेदन वांछित दस्तावेज सहित दिनांक 31.10.20206 से 15.11.2026 तक ग्राम पंचायत/खण्ड कार्यालय जाटूसाना में जमा करवा सकता है। जलकर्मी की नियुक्ति सरकार द्वारा गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। निर्धारित समय उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
सरपंच- जसवंत सिंह
ग्राम पंचायत जीवड़ा, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
मोबाइल नंबर- 8278283870

तीन दिन 7 स्टेजों पर 5 वर्गों में 46 प्रतियोगिताएं होंगी, 24 कॉलेजों के विद्यार्थी ले रहे भाग

आईजीयू के जोनल यूथ फेस्टिवल 'उद्गम' का रंगारंग आगाज, छात्रों ने मंच पर मचाया धमाल






रेवाड़ी। जोनल यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ करते आईजीयू के कुलसचिव तथा युवा महोत्सव में डांस कर अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ महोत्सव को लेकर विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

कोसली के कृष्णा डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के 9वें जोनल यूथ फेस्टिवल 'उद्गम' का रंगारंग आगाज हो गया। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन महाविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग एवं सांस्कृतिक रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डा. करण सिंह, डिप्टी यूथ वेलफेयर प्रो. डा. अदिति शर्मा तथा असिस्टेंट डिप्टी यूथ वेलफेयर सुशांत यादव ने युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य बंसत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। युवा महोत्सव में तीन दिन 7 स्टेजों पर 5 वर्गों में 46 प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। युवा महोत्सव में 24 कॉलेजों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर आईजीयू के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विचारों का आदान-प्रदान करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय में आयोजित इयुवा महोत्सव को लेकर विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं

यूथ फेस्टिवल के प्रथम दिन विभिन्न छह मंचों पर अनेक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें क्रिएटिव कोरियोग्राफी, स्किट, हरियाणवी साफा मेकिंग, माइम, कव्वाली, लोकगीत, कविता, जनरल क्विज, डिक्लेमेशन, स्किट, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन किया।






रेवाड़ी। युवा महोत्सव में डांस करते, नाटक का मंचन करती टीम तथा जोनल यूथ फेस्टिवल में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रेलवे पेंशनर्स के जमा होंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, शिविर तीन को

रेवाड़ी। रेलवे पेंशनर्स की सुविधा एवं डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल की ओर से राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के अंतर्गत जयपुर मंडल के 13 स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर 2 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से रेलवे पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 2 नवंबर को केंद्रीय चिकित्सालय जयपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जयपुर, 3 नवंबर को रेवाड़ी रेलवे स्टेशन, 4 नवंबर को रींगस रेलवे स्टेशन, 5 नवंबर को दौसा रेलवे स्टेशन, 6 नवंबर को सीकर रेलवे स्टेशन, 12 नवंबर को बांदीकुई रेलवे स्टेशन, 13 नवंबर को झुंझुनू रेलवे स्टेशन, 16 नवंबर को अलवर रेलवे स्टेशन, 17 नवंबर को फुलेरा रेलवे स्टेशन, 18 नवंबर को बनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन, 19 नवंबर को किशनगढ़ रेलवे स्टेशन, 20 नवंबर को चौथ का बरवाड़ा रेलवे स्टेशन तथा 23 नवंबर को फतेहपुर शेखावाटी रेलवे स्टेशन पर शिविर लगाया जाएगा। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पेंशनर्स को शिविर में दस्तावेज एवं सामग्री अपने साथ लाना अनिवार्य है। पेंशनर्स को पीपीओ नंबर, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण व मोबाइल फोन लाना होगा। मंडल रेल प्रबंधक जयपुर रवि जैन मंडल रेल प्रबंधक जयपुर ने पेंशनर्स से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित शिविर में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं व निर्धारित समय पर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराएं।

न्यूज डायरी



पुलिस ने बीते 28 दिन में बिना नंबर प्लेट व एचएसआरपी रहित 3673 वाहनों के काटे चालान

रेवाड़ी। जिला पुलिस सड़कों पर आमजन की सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। बिना नंबर प्लेट, फर्जी-अवैध प्लेट और संदिग्ध वाहनों के माध्यम से होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। पुलिस ने बीते 28 दिनों में बिना नंबर प्लेट व बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले 3673 वाहनों के चालान काटे है, जबकि गंभीर अनियमित्ता पाए जाने पर219 वाहनों को इंपाउंड किया गया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि 1 नवंबर से पूरे जिले में एक विशेष सघन चेकिंग अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख चौराहों, अंतरराज्यीय सीमा नाकों और राष्ट्रीय-राज्यीय राजमार्गों पर पुलिस की टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी। बिना एचएसआरपी व वैध नंबर प्लेट के दौड़ने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ वाहनों को जब्त करने की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि वाहन पर सही और स्पष्ट हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट होना सिर्फ कानूनी अनिवार्यता ही नहीं, बल्कि सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण कवच है। जिन वाहन स्वामियों ने अब तक अपने वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगवाई है, वे 1 नवंबर से पहले अधिकृत केंद्रों से इसे अनिवार्य रूप से लगवा लें। उन्होंने जिला वासियों और सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें। यातायात नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करें और सुरक्षित व अपराध-मुक्त जिले के निर्माण में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

एक नवंबर से शुरू होगा सघन महाअभियान



गुरु तेग बहादुर ने अपने प्राणों की आहुति देकर दुनिया को अनुकरणीय संदेश दिया

रेवाड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा के लिए निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों की आहुति देना दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता, जो गुरु तेग बहादुर ने संदेश दुनिया को दिया। वे अपने आप में अनुकरणीय है। डीईओ शुक्रवार गुरु तेग बहादुर के शहादत दिवस की 350वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में आयोजित कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। स्कूल प्राचार्य के अनिल यादव ने कहा कि हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर का जीवन त्याग, तपस्या और मानव सेवा व हिन्दू धर्म की रक्षा को समर्पित रहा। उनके आदर्श व जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक है। प्रत्येक व्यक्ति को उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। पेंटिंग्स, क्विज कंपटीशन व निबंध राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रतीक ने प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, चारू ने द्वितीय व अदिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग पेंटिंग में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रिया डहीना ने प्रथम, नाजुक द्वितीय और मनप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज में डहीना टीम प्रथम व कंवाली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर अनिल कुमार, राम सिंह, श्रीभगवान, सुनीता कुमारी, अदिति, पिंकी, किरण कुमारी, करण सिंह, राकेश यादव, दिनेश कुमार, सुनील, उपनिष व जितेंद्र सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में लगाया शिविर

■ पुलिसकर्मियों व परिजनों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कर्तव्य पथ पर अड़िग रहने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला पुलिस लाइन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर संजीव बल्हारा ने शिविर का शुभारंभ किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में निजी अस्पताल से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पुलिस कर्मचारियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान सभी के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व अन्य जरूरी स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच कर उचित चिकित्सीय परामर्श दिए गए। शिविर में 37 से अधिक पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डा. तरुण यादव, डा. कनिष्क, मार्केटिंग मैनेजर रेखा यादव, फार्मासिस्ट नरेंद्र धनखड़, नर्सिंग स्टाफ तथा जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



रेवाड़ी। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

शराब व धूम्रपान के सेवन से दूर रहें: तरुण यादव

वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डा. तरुण यादव ने बताया कि अधिकांश मामलों में किडनी के जो मरीज आते हैं, उनमें पहले से कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते और अचानक उनकी किडनी खराब होने की स्थिति सामने आती है। इसलिए सभी को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि जो व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जिन्हें हाई ब्लडप्रेशर, मधुमेह या हृदय से जुड़ी कोई बीमारी है, अथवा जिनके परिवार में किडनी की कोई आनुवंशिक बीमारी का इतिहास रहा है। शराब व धूम्रपान के सेवन से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

जन्मदिन पर पौधे भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक नवीन सैनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अच्छे संस्कारों के निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर विभिन्न मुहिम चलाई जा रही हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि उन्हें संवेदनशील, जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनाना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण क्लब, आध्यात्मिक क्लब, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्लब तथा सफाई क्लब के माध्यम से बच्चों को प्रकृति से प्रेम करने, आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रकृति संरक्षण की इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए छात्र आरव ने अपने जन्मदिन पर सहपाठियों को हरे-भरे गमलों में पौधे भेंट किए। जन्मदिन मनाने का यह सुंदर तरीका न केवल खुशियां बांटने का माध्यम बना, बल्कि इसने सभी विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का एहसास भी कराया। इस मौके पर अनेक शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



रेजांगला युद्ध स्मारक पर 7 को होगा शहीदों के नाम दीपोत्सव



रेवाड़ी। रेजांगला शौर्य समिति के तत्वाधान में 7 नवंबर को शाम 6 बजे दिल्ली रोड स्थित रेजांगला युद्ध स्मारक पर शहीदों के नाम दीपोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार को समिति के मुख्यालय कनीना हाउस में संजय राव की अध्यक्षता में प्रबंधक कमेटी की ओर से यह निर्णय लिया गया। समिति के महासचिव नरेश चौहान एडवोकेट ने बताया की रेजांगला युद्ध के दौरान 1962 में जब देश वासी दिवाली उत्सव मना रहे थे, तब अहीरवाल के रण बांकुरे सीमा की रक्षा करते हुए खून की होली खेल रहे थे। 18 नवंबर को हर वर्ष की भांति युद्ध स्मारक पर प्रातः 9 बजे वैदिक हवन के साथ रेजांगला शौर्य दिवस की शुरूआत होगी। वीर नारियों का सम्मान, सैनिक स्कूल के एक होनहार व जरूरतमंद छात्र को कर्नल राव राम सिंह स्कॉलरशिप, 18 नवंबर को जन्मी मेधावी दो बालिकाओं को रश्मि यादव मेमोरियल, अन्य दो बालिकाओं को इंदिरा यादव मेमोरियल के तहत 10-10 हजार रुपये की स्कॉलरशिप राशि भी प्रदान की जाएगी। बैठक में राव केहर सिंह एडवोकेट, उत्तम सिंह जैलदार, सूबेदार महेंद्र सिंह, सूर्यकांत सैनी, वी पी शर्मा,रूप चंद नंबरदार, प्रदीप यादव, विजय नारायण, दाताराम शर्मा, राकेश खोला व सरपंच सुनील यादव उपस्थित रहे।

खेलों को प्रोत्साहन दे रही हरियाणा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कोसली हलके के ग्रामीण क्षेत्र में खेल नर्सरियां स्थापित की जा रही हैं। विधायक शुक्रवार को डहीना बीडीपीओ ऑफिस में आम जनता की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशा मुक्त हरियाणा मिशन को कामयाब बनाने के लिए सबसे अधिक खेलों पर जोर दिया है, जिससे कि युवा ऊर्जा का सही दिशा में सदुपयोग हो सकें। खेलों के माध्यम से ही युवाओं में अनुशासन, सामाजिक सौहार्द और जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी नशा मुक्त हरियाणा अभियान में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को खेल प्रतियागिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विधायक ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निपटारा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, डहीना ब्लॉक के मौजिज व्यक्ति, अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए विधायक।

सरदार पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आज

कोसली। कोसली के राजीव गांधी खेल परिसर कोसली में 31 अक्टूबर को सुबह 8 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर आम नागरिकों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों को देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई जाएगी।

साइबर सुरक्षा माह

पुलिस ने गवर्नमेंट स्कूल खोल व भालखी माजरा में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

कमीशन या चंद पैसों के लालच में किसी को न दें बैंक खाता नंबर, खाताधारक पर भी होगी कानूनी कार्रवाई

■ बैंकिंग सुविधाओं में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस की ओर से जिले में साइबर सुरक्षा माह के तहत आमजन व विद्यार्थियों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को साइबर थाने की अलग-अलग टीमों ने गवर्नमेंट स्कूल खोल व भालखी माजरा में विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर अपराधों, विशेषकर म्यूल अकाउंट्स (किराए के बैंक खातों) के गंभीर खतरों से अवगत कराया। इस मौके पर साइबर थाने से पीएसआई मनीष ने टीम सहित गवर्नमेंट स्कूल खोल व हेड कांस्टेबल हरिओम ने टीम के साथ गवर्नमेंट स्कूल भालखी माजरा में साइबर अपराधों की जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी आम लोगों, विशेषकर युवाओं और छात्रों को थोड़े से कमीशन या आसान पैसों का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक, रजिस्टर्ड सिम कार्ड अथवा यूपीआई आईडी किराए पर ले लेते हैं। साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों जैसे डिजिटल अरेस्ट, पार्ट-टाइम जॉब फ्रॉड, लॉटरी या निवेश घोटाले से ठगी गई अवैध रकम को पुलिस की पकड़ से बचाने के लिए इन किराए के खातों में ट्रांसफर कराते हैं। किसी भी बैंक खाते में यदि साइबर ठगी का पैसा आता है, तो बैंक और कानून की नजर में खाताधारक भी उस अपराध का मुख्य हिस्सेदार-सह-आरोपी माना जाता है। ऐसे खातों को तुरंत फ्रीज कर दिया जाता है और खाताधारक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता तथा आईटी एक्ट के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जा सकती है। आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज होने या बैंक की ओर से खाता ब्लॉक किए जाने पर युवाओं को भविष्य में सरकारी-निजी नौकरी, पासपोर्ट वेरिफिकेशन और बैंकिंग सुविधाओं में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से अवगत कराते पुलिस अधिकारी।

साइबर अपराधों से जुड़े प्रमुख सुरक्षा सूत्र

- **अकाउंट व क्रेडेंशियल की गोपनीयता:** अपना बैंक खाता नंबर, पासबुक, चेकबुक, नेट बैंकिंग पासवर्ड अथवा यूपीआई पिन कभी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।
- **सिम कार्ड का दुरुपयोग:** अपने पहचान पत्र पर कभी किसी अन्य व्यक्ति के लिए सिम कार्ड न खरीदें और न ही अपनी एक्टिव सिम किसी को इस्तेमाल करने के लिए दें।
- **एटीएम कार्ड सुरक्षा:** किसी भी अज्ञात व्यक्ति को पैसे निकालने या ट्रांसफर करने के लिए अपना एटीएम कार्ड और उसका गुप्त पिन न सौंपें।
- **कमीशन के झांसे से दूरी:** सोशल मीडिया जैसे टेलीग्राम, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसे कमाएं या अकाउंट रेंट पर देकर 5-10 प्रतिशत कमीशन लें जैसे विज्ञापनों और प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार करके ब्लॉक करें।

राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

साइबर अपराध से बचाव का मजबूत हथियार जागरूकता: एसपी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक व सजग नागरिक बनाना है। कोई भी छात्र या नागरिक चंद रुपयों के लालच में आकर अपना बैंक खाता, सिम कार्ड या डिजिटल पहचान किसी को न सौंपे। साइबर अपराध से बचाव का सबसे मजबूत हथियार जागरूकता है। यदि किसी के साथ भी साइबर धोखाधड़ी होती है, तो बिना समय गंवाए तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या अधिकृत पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800